दिनांक-12.11.2024 समय-7.10एएम

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

प्रात:कालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- अखिल भारतीय कालीदास समारोह का शुभारंभ आज, उपराष्ट्रपति सहित अन्य विशिष्टजन भी होंगे शामिल।
- शिक्षानीति पर केन्द्रीत दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आज से नई दिल्ली में।
- मध्यप्रदेश के बुधनी और विजयपुर विधानसभा क्षेत्रों में उप चुनाव के लिये कल होगा मतदान, तैयारिया पूर्ण।
- महिला एशियाई हॉकी चैंपियनशिप ट्राफी में आज भारत का मुकाबला दक्षिण कोरिया से।

कालिदास समारोह

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज उज्जैन में आयोजित हो रहे 66वें अखिल भारतीय कालिदास समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में शामिल होंगे। इस आयोजन में राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल होंगे। समारोह का शुभारंभ शाम 4 बजे होगा, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जायेंगे। 13 नवंबर को प्रातः 10 बजे महाकवि कालिदास के साहित्य में पंच महाभूत विमर्श पर आधारित राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का प्रथम सत्र, दोपहर 2 बजे विक्रम विश्वविद्यालय के अंतर्गत राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी और शाम 5 बजे पंडित सूर्यनारायण व्यास व्याख्यान माला का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद शाम 7 बजे शास्त्रधर्मी शैली पर आधारित तथा पारम्परिक शैली से अनुप्रेरित नृत्य नाटिका का प्रस्तुतिकरण होगा। 14 नवम्बर को शोध संगोष्ठी का द्वितीय सत्र, व्याख्यान माला कुटुम्ब व्यवस्था, हिन्दी नाटक वसन्त सेना का प्रस्तुतीकरण होगा। 15 नवम्बर को संगोष्ठी का तृतीय सत्र, व्याख्यान माला- कालिदास का पर्यावरण चिंतन, लोक गायन और नाटक अभिज्ञान शाकुन्तलम् की प्रस्तुति होगी। 16 नवम्बर को संस्कृत कवि समवाय, अन्तर्विश्वविद्यालयीन संस्कृत वाद-विवाद प्रतियोगिता, लोक नृत्य की प्रस्तुति होगी। 17 नवम्बर को अन्तर महाविद्यालयीन कालिदास काव्य पाठ, अन्तर महाविद्यालयीन हिन्दी वाद-विवाद प्रतियोगिता, शास्त्रीय गायन होगा। 18 नवम्बर को समारोह का समापन होगा। समारोह के दौरान वर्ष 2022-23 के लिए कालिदास अलंकरण सम्मान से विभुतियों को सम्मानित किया जाएगा।

प्रधान-शिक्षा कार्यशाला

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान आज राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सचिवों के साथ उच्च और तकनीकी शिक्षा पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन करेंगे। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने के लिए विभिन्न दृष्टिकोणों और पद्धतियों का प्रसार, रूपरेखा और कार्यान्वयन रणनीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करना है।

यह कार्यशाला ज्ञान को बढ़ावा देने और और शिक्षा नीति के प्रभावी तथा सुचारू कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए सभी हितधारकों को एक साझा मंच प्रदान करने पर भी ध्यान केंद्रित करती है। इससे देश में मजबूत, समावेशी और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी शिक्षा प्रणाली का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

दो दिवसीय कार्यशाला के दौरान, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 कार्यान्वयन - चुनौतियाँ और रूपरेखा, शिक्षा में प्रौद्योगिकी, शिक्षा में सहयोग, डिजिटल शासन, क्षमता निर्माण तथा नेतृत्व और उच्च शिक्षा के वित्तपोषण जैसे विषयों पर 14 तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे।

रेलवे विशेष

त्यौहारों के अवसर पर भारतीय रेलवे द्वारा लगभग 7 हजार 700 विशेष गाड़ियाँ चलाई गई। पिछले साल 4,500 विशेष गाड़ियाँ चलाई गई थीं। भारतीय रेल ने इस वर्ष पिछले साल की तुलना में 70 प्रतिशत अधिक विशेष गाड़ियों का संचालन हुआ है, जिनसे फेस्टिवल सीजन के दौरान 20 करोड़ से अधिक यात्रियों को लाभ मिला है। 4 नवंबर 2024 को 3 करोड़ से अधिक यात्रियों ने भारतीय रेल से यात्रा की। यह संख्या ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की कुल आबादी से भी अधिक है। भारतीय रेलवे द्वारा प्रमुख स्टेशनों पर की गई व्यापक व्यवस्था और विशेष गाड़ियों के परिचालन से यह उपलब्धि हासिल करने में मदद मिली है।

इसी तरह पश्चिम मध्य रेलवे ने भी त्यौहारी सीजन में 08 स्पेशल ट्रेनों से 50 ट्रिप चलाकर 100 सेवाएं उपलब्ध कराई। यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने विशेष प्रबंध किए, जिसमें कतारबद्ध तरीके से यात्रियों को ट्रेन में प्रवेश की व्यवस्था देखने भीड़ प्रबंधन के लिए अतिरिक्त कर्मचारी और रेल सुरक्षा बल के जवान तैनात किए।

## किशोर न्याय अधिनियम

महिला-बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने किशोर न्याय बोर्ड एवं बाल संरक्षण समिति के नव नियुक्त सदस्यों के ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुई। उन्होंने कहा कि बाल कल्याण समिति या किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यों को कई अधिकार प्राप्त होते हैं। बच्चों के सर्वोत्तम हित में न्यायोचित निर्णय लें, यही सभी से अपेक्षा है। मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि बालकों की देखरेख एवं संरक्षण संबंधी किशोर न्याय अधिनियम, 2015 एक व्यापक कानून है जो किशोरों की समृद्धि और विकास के लिए न्याय और अवसरों की व्यवस्था करता है। यह कानून बच्चों का सर्वोत्तम हित सुनिश्चित करता है और देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों एवं विधि विवादित बच्चों के मूलभूत मानव अधिकारों के संरक्षण हेतु प्रतिबद्धता व्यक्त करता है। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वोत्तम हित में इस कानून को और किशोर न्याय प्रणाली के प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण दिया जायेगा। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले दिन प्रदेश के 17 जिलों में नव नियुक्त बाल कल्याण समिति और किशोर न्याय बोर्ड के 157 अध्यक्ष एवं सदस्य एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के 54 नवनियुक्त कर्मचारियों को ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया गया।

## लोकमाता अहिल्या बाई-जयंती

पश्चिम निमाड़ के खरगौन जिले के ऐतिहासिक एवं गौरवशाली प्रसिद्ध पर्यटन स्थल महेश्वर में लोकमाता अहिल्या बाई की 300वीं जयंती पर कार्तिक पूर्णिमा से "निमाड़ उत्सव" का आयोजन होगा। यह 15 नवम्बर से 17 नवम्बर 2024 तक होगा। नवम्बर में आयोजित तीन दिवसीय निमाड़ उत्सव में प्रतिदिन सायं 07 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रतिदिन प्रातः 8ः:30 बजे से नर्मदा रिसोर्ट सभागार में संगोष्ठी का आयोजन होगा। तीन दिवसीय निमाड़ उत्सव का शुभारंभ 15 नवंबर को उज्जैन के दिनेश शर्मा एवं सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक सुदेश भोसले द्वारा मां नर्मदा की सांगीतिक आरती के साथ होगा। इस दौरान सांयकाल में सुगम संगीत की प्रस्तुति मुम्बई के सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक एवं उनके साथियों द्वारा दी जाएगी।

16 नवंबर को सायं 07 बजे निमाड़ी गायन अंतर्गत "लोककण्ठ" की प्रस्तुति मनीषा शास्त्री, राखी बांके, सोनाली ढाकसे, विकास शुक्ला एवं साथी कलाकारों द्वारा दी जाएगी। इस दौरान गणगौर, करमा, छाऊ, भांगड़ा और मलवाई गिद्दा सहित नृत्य की विविध प्रस्तुतियों का प्रदर्शन कलाकारों द्वारा किया जाएगा।

## उप चुनाव

सीहोर जिले की बुधनी और श्योपुर जिले के विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में उप चुनाव के लिये कल मतदान होगा। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराई जायेगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी किशोर कुमार कन्याल ने बताया कि विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल 327 मतदान केन्द्र है, जिनमें से मतदान केन्द्र क्रमांक 15 बागचा विस्थापित होने से अब वर्तमान में मतदाता विहिन है। इन मतदान केन्द्रों पर 13 नवंबर को प्रातः 7 बजे से सांय 6 बजे तक मतदान की प्रक्रिया संपन्न होगी। उन्होने बताया कि विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 54 हजार 714 मतदाता है, जिनमें से 1 लाख 33 हजार 581 पुरूष एवं 1 लाख 21 हजार 131 महिला वोटर है, थर्ड जेण्डर वोटर की संख्या 02 है, इसके अलावा 103 सर्विस वोटर भी विधानसभा क्षेत्र में है। इस संबंध में कलेक्टर ने बताया कि निष्पक्ष और शांतिपूर्ण उपचुनाव के लिये व्यापक सुरक्षा प्रबंध किये गए हैं ...

## सोलर बोट-सतपुड़ा टाइगर रिजर्व

वन विभाग ने राज्य सरकार की सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने और प्रदूषण मुक्त वातावरण बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की है। नर्मदापुरम् जिले के मड़ई स्थित सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के पर्यटकों के लिये सोलर बोट का संचालन शुरू किया गया है। प्रदेश की यह पहली बोट होगी, जो सौर ऊर्जा से संचालित होगी। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य-प्राणी और क्षेत्र संचालक सतपुड़ा टाइगर रिजर्व श्रीमती राखी नंदा ने 10 नवम्बर को सोलर बोट का उद्घाटन किया। सोलर बोट की क्षमता 13 व्यक्तियों की है। श्री कृष्णमूर्ति ने बताया कि सोलर बोट में इलेक्ट्रिक इंजिन के कम आवाज होने से पर्यटकों को पक्षियों के दर्शन में एक बेहतर अनुभव होगा और वन्य-प्राणियों को प्रदूषण मुक्त वातावरण मिलेगा।

## महिला एशियाई हॉकी

महिला एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत आज तीन बार के विजेता दक्षिण कोरिया से खेलेगा।

बिहार के राजगीर हॉकी स्टेडियम में कल भारत ने अपने पहले मैच में मलेशिया को चार-शून्य से हरा दिया। मलेशियाई टीम भारत की रक्षा पंक्ति को भेद नहीं पाई और कई पेनल्टी कॉर्नर खोने के बावजूद भारतीय टीम उनमें से तीन को गोल में बदलने में सफल रही। संगीता कुमारी के शानदार आखिरी गोल ने गत चैंपियन भारत की जीत पक्की कर दी।

इससे पहले, उद्घाटन मैच में जापान और दक्षिण कोरिया के बीच रोमांचक मुकाबला दो-दो से ड्रा रहा।

एक अन्य मैच में चीन ने थाईलैंड को 15-शून्य से हराया। मैच के अंतिम दो क्वार्टर में 10 गोल दागकर चीन पूरे समय हावी रहा।

**समाचार संक्षेप में .....**

- ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर 12 नवंबर को नई दिल्ली में इंटरनेशन कन्वेंशन एण्ड एक्सपो सेंटर यशो भूमि द्वारका में विद्युत मंत्रियों एवं विद्युत सचिवों के सम्मेलन में शामिल होंगे। श्री तोमर सम्मेलन में मध्यप्रदेश में बिजली के क्षेत्र में किये जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की जानकारी देंगे
- लॉ कॉलेज अशोकनगर में आज से भूकंपरोधी संरचना निर्माण पर आधारित सिविल इन्जीनिरारिंग प्रोफेशनलस के साथ तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।
- शाजापुर शहर के सोमवारिया बाजार में गत दिवस कंस दशमी पर कंस वध कार्यक्रम का आयोजन हुआ। शहर में 271 वर्षों से यह अनूठी परंपरा चली आ रही है।
- मंडला जिला मुख्यालय पर नर्मदा नदी के महिष्मति घाट में आज देवउठनी एकादशी के मौके पर महाआरती का आयोजन किया जाएगा।
- कटनी में भी देवउठनी एकादशी और इसके बाद आने वाले विवाह मुहूर्तों पर बाल विवाह की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किये हैं।

....................................